नमो नमो | By Vikas Chauhan

पूरा जग है समाया जिसमे
मेरे भोले बाबा मेरे भोले बाबा
नमो नमो.....

विष का प्याला है जिसने एक घूँट में पिया
विष के प्याले से भी जिसका कुछ ना हुआ
चल शिव में मिल जाए ऐसा कुछ कर जाएँ
संसार सारा बस ये कहे बार बार
चल हरिद्वार चल सोमनाथ
चल बद्रीनाथ चल केदारनाथ
चल विश्वनाथ चल अमरनाथ
चल जहाँ भी मेरे शिव का वास
अंत है समाया जिसमे
मेरे भोले बाबा मेरे भोले बाबा
नमो नमो.....

मस्तक पर जो आँख है उसकी
सृष्टि का बस अंत है वो ही
शम्भू ने मेरे जो भी लिखा है
अब से मेरा कर्म है वो ही
लेलो मुझको अपनी शरण में
रहने दो मुझे बस अपने चरण में
आया सब छोड़ तेरी लगन में
होता हर पल तू मेरे मन में
जग को संवारा जिसने
मेरे भोले बाबा मेरे भोले बाबा
नमो नमो.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%ae%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a4%ae%e0%a5%8b-by-vikas-chauhan/